**दिनांक 16.09.2014 को श्री पी0के0 शाही, माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में मुंगेर संसदीय क्षेत्र की योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः—**

उपस्थितिः पंजी के अनुसारः—

बैठक की कार्यवाही आरम्भ करते हुए माननीय मंत्री द्वारा बैठक में उपस्थित 15वीं लोकसभा के मुंगेर संसदीय क्षेत्र के सांसद माननीय श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

माननीय मंत्री द्वारा माननीय सांसद के नोडल जिला पटना के जिला योजना पदाधिकारी से अनुमान्यता राशि एवं भारत सरकार से प्राप्त आवंटन की अद्यतन स्थिति के संबंध में विवरणी प्रस्तुत करने को कहा गया।

जिला योजना पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि माननीय सांसद की अनुमान्यता राशिः— 1900.00 लाख है जबकि

| | |
|---|---|
| भारत सरकार से प्राप्तः— | 1400.00 लाख |
| अतिरिक्त उपलब्ध राशिः— | 62.06 लाख |
| अद्यतन कुल उपलब्ध राशिः— | 1462.06 लाख है। |

माननीय मंत्री द्वारा बताया गया कि विवरणी के अनुसार माननीय सांसद की कुल अनुमान्यता 1962.06 लाख रूपये है। इस राशि के विरूद्ध मुंगेर संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले चार जिलों यथा पटना, मुंगेर, लखीसराय एवं नवादा में योजना की स्वीकृति एवं पूर्णता की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने हेतु जिला योजना पदाधिकारियों को कहा गया।

जिला योजना पदाधिकारी, पटना द्वारा योजना स्वीकृति एवं पूर्णता की प्रस्तुत विवरणी निम्न प्रकार हैः—

| | |
|---|---|
| अनुशंसित योजनाएँः— | 261 |
| तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की सं0ः— | 260 |
| प्राक्कलित राशिः— | 829.973 लाख |
| प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की सं0ः— | 260 |
| प्राक्कलित राशिः— | 829.973 लाख |
| पूर्ण योजनाओं की सं0ः— | 202 |
| अपूर्ण योजनाओं की सं0ः— | 58 |
| कार्यरत अपूर्ण योजनाओं की सं0ः— | 34 |
| कार्य आरम्भ नहीं होने वाली योजनाओं की सं0ः— | 24 |

जिला योजना पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि जमीन अनुपलब्धता एवं राशि के अभाव में कार्य आरम्भ नहीं किया जा सका है।

जिला योजना पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा योजना स्वीकृति एवं पूर्णता की प्रस्तुत विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| | |
|---|---|
| अनुशंसित योजनाएँः– | 198 |
| तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की सं0ः– | 168 |
| प्राक्कलित राशिः– | 463.656 लाख |
| प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की सं0ः– | 168 |
| प्राक्कलित राशिः– | 463.656 लाख |
| पूर्ण योजनाओं की सं0ः– | 103 |
| अपूर्ण योजनाओं की सं0ः– | 65 |

जिला योजना पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा योजना स्वीकृति एवं पूर्णता की प्रस्तुत विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| | |
|---|---|
| अनुशंसित योजनाएँः– | 316 |
| तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की सं0ः– | 226 |
| प्राक्कलित राशिः– | 697.803 लाख |
| प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की सं0ः– | 226 |
| प्राक्कलित राशिः– | 697.803 लाख |
| पूर्ण योजनाओं की सं0ः– | 200 |
| अपूर्ण योजनाओं की सं0ः– | 26 |

नवादा जिले में माननीय सांसद द्वारा खनुआ में पार्क के निर्माण हेतु 70 लाख राशि की अनुशंसा की गई जिसका कार्य अभी लम्बित है। जिला योजना पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि ₹10.00 लाख जिला योजना पदाधिकारी, नवादा को उपलबध करा दिया गया है। जिला योजना पदाधिकारी, नवादा द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि पार्क निर्माण पूरी लागत लगभग40.50 लाख होगी। पूर्ण प्राक्कलन प्राप्त होने के उपरांत माननीय सांसद की ₹70.00 लाख व्यय कर दी जाएगी।

भारत सरकार से वर्ष 2013–14 की अन्तिम दो किस्तों की राशि विमुक्त नहीं होने का कारण जिला योजना पदाधिकारी, पटना से पूछा गया।

जिला योजना पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि लखीसराय एवं मुंगेर से उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं प्रगति प्रतिवेदन विलम्ब से प्राप्त होने के कारण इसे विलम्ब से भारत सरकार को भेजा गया है।

1. भारत सरकार को उपयोगिता प्रमाण पत्र 2012–13
2. मासिक प्रगति प्रतिवेदन माह अगस्त, 2014
3. अंकेक्षण प्रतिवेदन 2012–13
4. भारत सरकार से प्राप्त राशि के 84.80 प्रतिशत व्यय से संबंधित प्रतिवेदन भेजा जा चुका है।

वर्ष 2013–14 का अंकेक्षण कार्य प्रगति पर है। अंकेक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होते ही इसे भारत सरकार को भेज दिया जाएगा।

जिला योजना पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि 84.80 प्रतिशत राशि उपयोगिता का प्रमाण पत्र के आलोक में 2013–14 की पूर्ण राशि विमुक्त करने का अनुरोध पत्रांक 1166 दिनांक 15.09.2014 से भारत सरकार से किया गया है।

तत्कालीन माननीय सांसद द्वारा मुंगेर जिले के कुतकपुर में सामुदायिक भवन निर्माण की वर्ष 2009–10 की योजना एवं वर्ष 2011–12 की समरसेबल बोरिंग की 15 योजना अभी लम्बित है, जो खेद का विषय है।

जिला योजना पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा बताया गया कि राशि के अभाव में जमीन अनुपलब्धता के कार्य बाधित है।

माननीय मंत्री के पूछने पर जिला योजना पदाधिकारी, पटना द्वारा बताया गया कि राशि उपलबधता एवं जिलों से मांग के अनुरूप राशि वितरित की गई है।

विवरणी निम्न है:–

| जिला का नाम | उपलब्ध राशि | स्वीकृत योजनाओं की प्रा0 राशि |
|---|---|---|
| पटना | 562.243 लाख | 829.973 |
| मुंगेर | 311.470 लाख | 463.656 |
| लखीसराय | 578.344 लाख | 697.803 |
| नवादा | 10.00 लाख | 10.00 |

भारत सरकार से अनुमान्यता की पूर्ण राशि प्राप्त होने पर जिलावार आवंटन निम्न प्रकार करने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी, पटना को दिया गया:–

| | |
|---|---|
| पटना:– | 830.00 लाख |
| मुंगेर:– | 450.00 लाख |
| लखीसराय:– | 672.00 लाख |
| नवादा:– | 70.00 लाख |
| कुल | 1962.00 लाख |

तत्कालीन माननीय सांसद द्वारा बताया गया कि समरसेबल पम्प के लिए सभी जगह जमीन उपलब्ध है। कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता की शिथिलता के कारण कार्य लम्बित है।

माननीय मंत्री द्वारा कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल, मुंगेर को निदेश दिया गया कि वर्ष 2009–10 एवं 11–12 की सभी योजनाओं को पूर्ण कर एक माह में प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

सचिव, योजना एवं विकास विभाग द्वारा बताया गया कि 15वीं लोकसभा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। इस अवधि में माननीय सांसद द्वारा प्राप्त सभी अनुशंसित योजनाओं के विरूद्ध नियमानुसार योजना की स्वीकृति देते हुए इन्हे पूर्ण किया जाना है।

सचिव, द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि वर्ष 2009–10 वर्ष 2013–14 तक (15वीं लोकसभा) एवं इस पूर्व की सांसद मद की सभी लम्बित योजनाओं को दो माह में पूर्ण कर प्रतिवेदन विभाग को उपलबध कराया जाय। निदेश का अनुपालन नहीं करने वाले पदाधिकारियों पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
सचिव,
योजना एवं विकास विभाग

बिहार सरकार
**योजना एवं विकास विभाग**

ज्ञापांकः यो04/एम0पी0लैड्स–31/2014 5528 /यो0वि0 दिनांक 28 नवम्बर, 2014
प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

27/11/14

**(अखिलेश कुमार सिन्हा)**
संयुक्त निदेशक

ज्ञापांकः यो04/एम0पी0लैड्स–31/2014 5528 /यो0वि0 दिनांक 28 नवम्बर, 2014
प्रतिलिपिः जिला पदाधिकारी, पटना/लखीसराय/मुंगेर/क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी, पटना प्रमंडल, पटना एवं मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर/जिला योजना पदाधिकारी, पटना/मुंगेर/लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/11/14
संयुक्त निदेशक

ज्ञापांकः यो04/एम0पी0लैड्स–31/2014 5528 /यो0वि0 दिनांक 28 नवम्बर, 2014
प्रतिलिपिः मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन/ अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, पटना एवं कार्य अंचल, मुंगेर/कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, 1 एवं 2, पटना/मुंगेर/लखीसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/11/14
संयुक्त निदेशक

ज्ञापांकः यो04/एम0पी0लैड्स–31/2014 5528 /यो0वि0 दिनांक 28 नवम्बर, 2014
प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव/सचिव, योजना एवं विकास विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/11/14
संयुक्त निदेशक